# 6- सिपाही ने दृष्टिबाधित के गिरे रूपये घर पहुंचाए



## सिपाही ने दृष्टिबाधित के गिरे रुपये घर पहुंचाए

इनसे सीखें

लखनऊ | हिन्दुस्तान संवाद

मोहनलालगंज कोतवाली पर तैनात सिपाही अभय प्रताप सिंह ने ईमानदारी की मिसाल पेश की। दृष्टि बाधित के गिरे रुपयों को उसके घर जाकर वापस किया। ग्रामीण उसकी ईमानदारी की प्रशंसा कर रहे हैं। अभय प्रताप सिंह को शुक्रवार की शाम घर के पास रास्ते पर तीन हजार दो सौ रुपये पड़े मिले। उसने मौके पर पड़ताल की लेकिन जानकारी नहीं हुई। बाद में पता चला कि यह रुपये सब्जी की

अभय प्रताप सिंह

दुकान चलाने वाले दृष्टिबाधित आजाद वारिस के हैं। आजाद वारिस के पुत्र आरिफ ने यह रुपये अपने पिता को रखने के लिए दिए थे लेकिन दृष्टिबाधित होने के कारण रुपये ठीक से रख नहीं सका और रास्ते में गिर गये। उसके बाद सिपाही ने उस दृष्टिबाधित की जानकारी लेकर उसके रुपये लौटाए।

जनपद लखनऊ के थाना मोहनलालगंज कोतवाली पर तैनात आरक्षी अभय प्रताप सिंह ने ईमानदारी की मिसाल पेश की। आरक्षी अभय प्रताप सिंह ने दृष्टिबाधित के गिरे रूपयों को उसके घर जाकर वापस किया। आरक्षी अभय प्रताप सिंह को शुक्रवार की सांय घर के पास रास्ते पर 3,200 रूपये पड़े मिले। अभय प्रताप द्वारा मौके पर पड़ताल की लेकिन जानकारी नही हुई, बाद में पता चला कि यह रूपये सब्जी की दुकान चलाने वाले दृष्टिबाधित आजाद वारिस के हैं। आजाद वारिस के पुत्र आरिफ ने यह रूपये अपने पिता को रखने के लिए दिये थे लेकिन दृष्टिबाधित होने के कारण रूपये ठीक से रख नही सका और रास्ते में गिर गये। उसके बाद आरक्षी द्वारा उस दृष्टिबाधित की जानकारी कर उसके रूपये लौटाए। ग्रामीणों और मीड़िया द्वारा आरक्षी अभय प्रताप सिंह की ईमानदारी की प्रशंसा की गयी।

# 7- <u>उप निरीक्षक दिलीप कुमार मिश्र ने बचायी युवती की जान</u>



## दारोगा ने बचायी युवती की जान

- नदी में कूदने से पहले ही पकड़ा
- पुलिस ने युवती को परिवार वालों के हवाले किया
- हनुमान सेतु के पास की है घटना

लखनऊ (सं)। महानगर के न्यू हैदराबाद चौकी इंचार्ज ने शनिवार की दोपहर एक युवती की जान बचाकर पुलिस विभाग का सिर ऊंचा करने का काम किया है। विकासनगर की रहने वाली युवती हनुमान सेतु के पास से गोमती नदी में कूदने जा रही थी कि चौकी इंचार्ज दिलीप कुमार मिश्र ने उसको पकड़ लिया। इसके बाद उन्होंने युवती को उसके परिवार वालों के हवाले कर दिया। पुलिस का कहना है कि युवती मानसिक रूप से बीमार है।

चौकी इंचार्ज न्यू हैदराबाद दिलीप कुमार मिश्र ने बताया कि शनिवार की दोपहर करीब एक बजे वह हनुमान सेतु के पास मौजूद थे। इस बीच उनको एक 19 साल की युवती दिखायी दी। अचानक ही युवती पुल से नीचे उतरी और गोमती नदी में कूदने की कोशिश करने लगी। यह मंजर देख वह फौरन ही युवती का मकसद समझ गये और बिना समय गंवाये ही दारोगा दिलीप कुमार मिश्र दौड़ते हुए युवती के पास पहुंचे और नदी में कूदने से पहले ही युवती को उन्होंने पकड़ लिया। इस बीच वहां लोगों की भीड़ जमा हो गयी। सूचना मिलते ही मौके पर इंस्पेक्टर महानगर भी पहुंच गये। इसके बाद पुलिस वालों ने युवती को शांत कराया और बातचीत की तो उसने अपना नाम विकासनगर निवासी सीमा माथुर बताया।

उसने आरोप लगाया कि उसके भाई लोग उसका ख्याल नहीं रखते हैं। इसके बाद महानगर पुलिस ने विकासनगर पुलिस से सम्पर्क कर युवती को उसके परिवार वालों के हवाले कर दिया। इंस्पेक्टर महानगर ने बताया कि युवती के परिवार वालों का कहना है कि वह मानसिक रूप से बीमार चल रही है और मेडिकल कालेज से उसका इलाज भी हो रहा है।

दिनांकः 03-11-2016 को अपरान्ह लगभग 02-00 बजे थाना महानगर क्षेत्रान्तर्गत हनुमान सेतु के पास एक लड़की के गोमती में कूदकर आत्महत्या का प्रयास करने की सूचना प्राप्त हुई। इस सूचना पर श्री दिलीप कुमार मिश्रा, प्रभारी चौकी न्यू हैदराबाद तत्काल मौके पर पहुँचकर लड़की को गोमती नदी में कूदने से बचाया गया। इस कार्य को जनता द्वारा सोशल मीडिया में काफी सराहना की गयी ।

## 8- **<u>कैंसर पीड़ित विदेशी महिला को गाज़ियाबाद पुलिस ने दिया एक दिन का वेतन</u>**



एक दिन का वेतन होगा कैंसर पीड़ित महिला के नाम

▪ गाजियाबाद पुलिस ने विदेशी महिला की मदद को बढ़ाया हाथ

श्री दीपक कुमार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गाजियाबाद, कैंसर पीड़ित विदेशी महिला श्रीमती डोरिस फ्रांसिस को कैंसर के ईलाज हेतु गाजियाबाद पुलिस के अधिकारियों व ट्रैफिक पुलिस द्वारा एकदिन का वेतन देकर सहयोग प्रदान किया गया । इस कार्य को जनता द्वारा सोशल मीडिया में काफी सराहना की गयी।

## 9- <u>उप निरीक्षक ने घायल को कंधे पर उठाकर दिखाई मानवता</u>



दिनांक-12-10-16 को ग्राम गोधिया थाना भीरा जनपद खीरी के अन्तर्गत ताजिया के जुलूस के दौरान एक व्यक्ति मार्ग में घायल अवस्था में दिखाई दिया इस पर तत्काल ही उ0नि0 श्री अजय कुमार शर्मा घायल अवस्था में पड़े व्यक्ति को अपने कंधे पर उठाकर काफी दूर सरकारी जीप तक ले जाया गया तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिजुआ पहुँचाकर ईलाज कराया गया। इस कार्य को जनता द्वारा सोशल मीडिया में काफी सराहना की गयी।

## 10- पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 एवं समस्त उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा दीपावली के अवसर पर अनाथ/बेसहारा बच्चों एवं वृद्धाश्रम में रहने वाले बड़े बुजुर्गों के साथ दीपावली मनायी गयी






श्री जावीद अहमद, पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा दिनांक 27-10-2016 को अपने परिपत्र के माध्यम से निर्देश दिये गये थे कि दिनांक 29-10-2016 को सायंकाल 6.00 बजे से 7.00 बजे के मध्य थाना प्रभारी, क्षेत्राधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, परिक्षेत्रीय पुलिस उपमहानिरीक्षक, जोनल पुलिस महानिरीक्षक

अपने-अपने क्षेत्राधिकार में गरीब बेसहारा बच्चों, बुर्जुगों को अनाथालय में जाकर मिठाई, पटाखे इत्यादि लेकर दीपावली की शुभ कामनाएं दी जायें एवं उनके बीच कुछ समय व्यतीत करें।

इसी परिप्रेक्ष्य में दिनांक 29-10-2016 को सायंकाल पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 एवं श्री ए0सतीश गणेश पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ जोन द्वारा लखनऊ के थाना गुडम्बा क्षेत्रान्तर्गत आदिलनगर स्थित गायत्री परिवार ट्रस्ट के 'समर्पण वरिष्ठ जन परिसर' में पहुचें जहाॅ वरिष्ठ जन परिसर के ट्रस्टी मेजर कुमार खरे, श्री आर0एस0 राठौर, इंजीनियर श्री एस0के0 त्रिवेदी द्वारा उनका स्वागत किया गया। पुलिस महानिदेशक द्वारा वरिष्ठ जन परिसर में बुर्जुगों को मिठाईयाँ, सजावटी पटाखे एवं उपयोगी किताबें भेंट की गयी। समर्पण एक सुसज्जित आधुनिक वरिष्ठ जन परिसर (Old Age Home) है जिसका निर्माण नगर निगम लखनऊ द्वारा 22 अगस्त 2005 में कराया गया था ।

वरिष्ठ जन परिसर में रहने वाली राकेश कुमारी एवं श्रीमती शकुंतला द्वारा सेना के जवानों को समर्पित करते हुए जोशीली कविता सुनायी गयी । पुलिस महानिदेशक द्वारा सभी वरिष्ठजनों के साथ फुलझड़ी एवं अनार जलाये एवं सभी को शुभकामनाएं दी गयीं तथा वरिष्ठ जन परिसर के विजिटर बुक में अपनी टिप्पणी अंकित की गयी ।

पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर पूरे प्रदेश के समस्त थाना प्रभारी, क्षेत्राधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, परिक्षेत्रीय पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं जोनल पुलिस महानिरीक्षकों द्वारा प्रदेश में हजारों स्थानों पर अनाथालय एवं गरीब/बेसहारा बच्चों तथा बुर्जुगों को मिठाई, पटाखे आदि देते हुए दीपावली की शुभकामनाएं दी गयी एवं उनके साथ समय व्यतीत किया गया।

## 11- **<u>श्री राजेश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा अपने परिवार सहित अनाथालय आश्रम ‘‘मनीषा संस्थान’’ में जाकर पाँच हजार रूपये, मिठाई तथा पटाखे आदि दिये गये</u>**




श्री राजेश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक के द्वारा दीपावली के शुभ अवसर पर अपने परिवार सहित अनाथालय आश्रम ‘‘मनीषा संस्थान’’ में जाकर पाँच हजार रूपये का चेक दिया गया एवं मिठाई तथा पटाखे आदि दिये गये तथा दीपावली का त्यौहार मनाया गया। इस कार्य की जनता द्वारा सराहना की गयी।

# 12-<u>पुलिस बनी मित्र तो हुई बिटिया की शादी</u>



## 'पुलिस बनी मित्र' तो हुई बिटिया की शादी, पिता बोले-शुक्रिया

### नोटबंदी का एक पहलू यह भी: मुश्किल वक्त में मिली मदद, नए नोट मांग रहा था लॉन मालिक

फॉलोअप

पुलिसकर्मी वर-वधू को आशीर्वाद देने भी पहुंचे।

**पुलिसकर्मियों को खिलाई मिठाई**

हम कृष्णानगर पुलिस और एनबीटी का आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने ऐसे वक्त पर मदद की जब हम लाचार हो चुके थे। मैं अपने पूरे परिवार की ओर से उन्हें थैंक्यू कहता हूं। -उमाशंकर, बेटी के पिता

पुलिस ने अपनी ड्यूटी निभाई है। एक पिता की मदद की। शादी सकुशल संपन्न होने से पूरे थाने के पुलिसकर्मी खुश हैं। -नीरज ओलिया, SSI, कोतवाली कृष्णानगर

जनपद लखनऊ के थाना कृष्णानगर क्षेत्रान्तर्गत स्थित गेस्ट हाउस के प्रबन्धक द्वारा नोटबन्दी के बाद चेक न स्वीकार किये जाने के कारण थाना कृष्णानगर पुलिस द्वारा हस्तक्षेप किये जाने के उपरान्त गेस्ट हाउस के प्रबन्धक द्वारा चेक स्वीकार किया गया जिससे शादी सकुशल सम्पन्न हुई। बेटी के पिता द्वारा पुलिसकर्मियों को धन्यवाद देते हुए उन्हें मिठाई खिलाई।इस कार्य की जनता द्वारा सोशल मीडिया में काफी सराहना की गयी।

# 13- डायल 100 ने बचाई मुसाफ़िर की जान



## डायल 100 ने बचाई मुसाफिर की जान

संवाददाता। मोतीगंज-गोंडा

यूपी डायल 100 उस समय एक मुसाफिर के लिए संजीवनी साबित हुई, जब वह सफर के दौरान चलती ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची स्थानीय थाने की डायल 100 ने उसे अस्पताल पहुंचा कर उस व्यक्ति की जान बचाई। पुलिस की इस तत्परता से क्षेत्र में भूरि-भूरि प्रशंसा हो रही है।

ज्ञात हो कि रविवार शाम को गोरखपुर से लखनऊ जा रही बाघ एक्सप्रेस ट्रेन से यात्रा कर रहे बिहार प्रांत के सीवान जनपद के थाना गुठनी के गुठनी बाजार निवासी 25 वर्षीय सुनील कुमार पुत्र राम नारायण मोतीगंज स्टेशन के पूर्व स्थित विद्यानगर गुमटी के पास ट्रेन से गिर गया। जिस पर वहां मौजूद ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना डायल 100 (पीआरवी 0878) को दी गयी। सूचना मिलते ही एसआई देवेन्द्र नाथ पाण्डेय व कांस्टेबल राम प्रताप सिंह तत्परता दिखाते हुए तत्काल मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल यात्री को विद्यानगर स्थित सरकारी अस्पताल पहुंचाया। वहां घायल का प्राथमिक उपचार कर चिकित्सक ने उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। डायल 100 पुलिस की इस तत्परता से जनता में सराहना हो रही है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि यदि डायल 100 तत्काल दुर्घटना स्थल पर पहुंचकर गंभीर रूप से घायल यात्री को अस्पताल न पहुंचाई होती तो घायल का जीवित रहना मुश्किल था। वहीं डायल 100 में तैनात एसआई देवेन्द्र नाथ पाण्डेय कहते हैं कि सूचना मिलने के 10 से 15 मिनट के भीतर पहुंचने का प्रयास किया जाता है किन्तु रेलवे क्रासिंग बंद होने की स्थिति में समस्या आती है। इसके बावजूद शीघ्र अतिशीघ्र मौके पर पहुंचा जाता है।

गोरखपुर से लखनऊ जा रही बाघ एक्सप्रेस ट्रेन से एक व्यक्ति के गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो जाने की सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची स्थानीय थाने की डायल 100 द्वारा घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचा कर व्यक्ति की जान बचाई। डायल 100 पुलिस की इस तत्परता से जनता द्वारा काफी सराहना की गई।

# 14- सिपाही ने पेश की ईमानदारी की मिसाल



## राजधानी में भी तैनात हैं ईमानदार पुलिस कर्मी

का.सं, VOL

लखनऊ। भले ही उत्तर प्रदेश पुलिस में तैनात वर्दीधारी अपनी काली करतूतों से पूरे महकमें को शर्मसार कर रहे हो। लेकिन कुछ ईमानदार पुलिसवाले पुलिस विभाग की नाक बचाये रहते हैं।

ताजा मामला महानगर थाना क्षेत्र का है यहां तैनात सिपाही राकेश कुमार को पर्स मिला तो उन्होंने पर्स में मिले कागजों के आधार पर पते को खोज निकाला और महिला अधिवक्ता को कोतवाली बुलाकर पर्स सौंप दिया। इस सिपाही ने ईमानदारी पेश करते हुए विभाग की गरिमा बढ़ाई है। बता दें कि राजधानी में ऐसे कई पुलिसवाले हैं जिन्होंने ईमानदारी की मिशाल पेश की है। बता दें कि बीमी 15 दिसंबर 2016 को हजरतगंज कोतवाली के दारुलशनऊ चौकी इंचार्ज संजय कुमार गुप्ता ने ईमानदारी की मिशाल पेश करते हुए सी-227 निराला नगर निवासी राजीव जगवानी की पत्नी का पर्स मिलने पर वापस लौटा कर मिशाल पेश की थी।



## सिपाही ने पेश की ईमानदारी की मिसाल

एनबीटी, महानगर : महानगर थाने में तैनात सिपाही राकेश कुमार ने महिला अधिवक्ता का खोया हुआ पर्स लौटाकर ईमानदारी की मिसाल पेश की। राकेश ने बताया कि दो दिन पूर्व सड़क पर मिले पर्स में एक सेल फोन व दस्तावेज के जरिए कानपुर के फजलगंज निवासी व अधिवक्ता आशा सिंह से संपर्क कर सोमवार को पर्स उन्हें सौंप दिया गया।

जनपद लखनऊ के थाना महानगर में तैनात आरक्षी श्री राकेश कुमार को एक पर्स मिला तो उन्होने पर्स में मिले कागजों के आधार पर पते को खोज निकाला और महिला अधिवक्ता को थाना कोतवाली बुलाकर पर्स को सौंप दिया।